1

हमारे त्योहार

पठन से पूर्व

र लोगों के जीवन में खुशियाँ लेकर हैं। लोग त्योहारों के आने की करते हैं और जब त्योहार आता लोग एक-दूसरे से मिलते-जुलते पते-गाते हैं। त्योहार हमें आनंद चारे से जीने का संदेश देते हैं।

पाठ-परिचय

इस पाठ में कविता के रूप में कुछ प्रमुख त्योहारों की झलकियाँ प्रस्तुत की गई हैं। होली रंग और गुलाल का उत्सव है। दीवाली में हम दीप जलाकर अपनी खुशी प्रकट करते हैं। गुरुपर्व पर कीर्तन-भजन होते हैं। ईद आने पर लोग एक-दूसरे के गले मिलते हैं। क्रिसमस में सभी एक-दूसरे को उपहार देते हैं।

चर्चा करें

बच्चों से पूछें कि त्योहार आने पर वे क्या करते हैं। अपनी खुशी कैसे व्यक्त करते हैं? क्या कुछ खास खाते हैं? घर-परिवार में कौन-कौन से कार्यक्रम होते हैं? बच्चों को बताएँ कि त्योहार हमें क्या संदेश देते हैं। बच्चों की पसंद के त्योहारों के बारे में जानें।

होली

होली आई, होली आई,
रंग-बिरंगी होली आई।
गुझिया खाओ, गुलाल लगाओ,
एक-दूजे को गले लगाओ।

दीवाली

दीपों का त्योहार दीवाली,
खुशियों का त्योहार दीवाली।
घर-घर में दीप जलाओ,
लड्डू-मिठाई खूब खाओ।

गुरुपर्व

गुरुपर्व की छटा निराली,
गुरु की वाणी सबने मानी।
गुरुद्वारों को खूब सजाओ।
नगर-कीर्तन में झूमो गाओ।

ईद

बीता रमज़ान, आई ईद,
खुशियाँ लेकर आई ईद।
हिलमिल सबको गले लगाओ।
मीठी सेंवइयाँ मिलकर खाओ।

क्रिसमस

क्रिसमस का त्योहार है आया,
सेंटाक्लॉज़ उपहार है लाया।
मिलकर क्रिसमस ट्री सजाओ,
मोमबत्ती जलाओ, केक खाओ।

मौखिक प्रश्न

1. आपको कौन-सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है और क्यों?
2. अपनी पसंद का वह त्योहार आप कैसे मनाते हैं?
3. दीपों का त्योहार कौन-सा है?
4. ईद का त्योहार कब आता है?